आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 10.02.2026 समय : 02.10pm

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की अहम बैठक आयोजित की जा रही है , जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस बैठक में आगामी विधानसभा के बजट सत्र की रणनीतियों और प्रदेश के विकास से जुड़े नए प्रस्तावों पर गहन मंथन किया जा रहा है। कैबिनेट से पूर्व, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा परिसर पहुंचकर पूर्व अध्यक्ष स्व राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री तोमर ने उनके जीवन को संसदीय परंपराओं के लिए प्रेरणादायी बताया।

सम्मेलन

गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में दो दिन तक चलने वाले साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके तंत्र को समाप्त करने के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य भाषण देंगे। इस अवसर पर वे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की नई साइबर अपराध शाखा का भी उद्घाटन करेंगे। श्री शाह गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के राज्य डैशबोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे।

पासवान-पक्षकार

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर एक ही मुद्दे पर अड़े रहने के कारण पूरे बजट सत्र को बर्बाद करने का आरोप लगाया। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि राहुल गांधी की जिद के कारण क्षेत्रीय दलों के नेताओं सहित विपक्षी सहयोगी धन्यवाद प्रस्ताव और बजट पर नहीं बोल सके। उन्होंने कहा कि विपक्ष को बोलने का मौका न दिए जाने का दावा गलत है। श्री पासवान ने कहा कि उन्हें बार-बार मौके दिए गए।

विक्रमोत्सव

धर्म और संस्कृति की नगरी उज्जैन एक बार फिर विश्व पटल पर छाने को तैयार है। आगामी 12 फरवरी से 30 जून तक चलने वाला 'विक्रमोत्सव-2026' इस बार 139 दिनों के

अपने सबसे भव्य स्वरूप में आयोजित होगा। इस महाकुंभ में 4,000 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सुप्रसिद्ध संगीतकार प्रीतम की 'महादेव आराधना' से होगा। सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य को समर्पित इस आयोजन में व्यापार मेला, ड्रोन शो और पौराणिक फिल्म महोत्सव जैसे 41 से अधिक आकर्षण शामिल हैं ।

मौसम

प्रदेश में मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक ठंड से हल्की राहत मिलेगी और दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। हालांकि, यह राहत ज्यादा समय नहीं टिकेगी, क्योंकि पहाड़ों पर बर्फ पिघलते ही 13 फरवरी से उत्तर की ठंडी हवाएं प्रदेश में ठिठुरन दोबारा बढ़ा देंगी। वर्तमान में कटनी का करौंदी 5.9 डिग्री के साथ सबसे ठंडा रहा है, वहीं भोपाल और इंदौर में भी रात का पारा 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

क्रिकेट

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के सभी निर्धारित मैचों में पाकिस्तान की भागीदारी की पुष्टि की है। इसमें 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाला मैच भी शामिल है। आईसीसी ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत व्यापक सहयोग का हिस्सा थी। इसमें दोनों पक्षों ने खेल के हितों की रक्षा के लिए निष्पक्षता, तटस्थता और सहयोग के साथ एकजुट, प्रतिबद्ध और उद्देश्यपूर्ण होने पर सहमति व्यक्त की।

समाचार संक्षेप में ....

- सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में 13 फरवरी से सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है।
- बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सौ दिवसीय कार्य योजना के तहत आगरमालवा में कल आयोजित किये गये विधिक जागरूकता शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आशा कार्यकर्ताओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी।

- शाजापुर जिले में भी माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज सुबह अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र के साथ शुरू हो गईं। परीक्षा के लिए जिले में 59 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि 4 केंद्र रिजर्व रखे गए हैं।